पहले चरण की काउंसलिंग के बाद बीटेक के 767 छात्रों ने लिया प्रवेश

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहले चरण की काउंसलिंग पूरी कर ली गई है। पहले चरण में बीटेक के 767 छात्रों ने कॉलेजों का चयन करने के साथ ही प्रवेश लिया है। जबकि, 1361 छात्र अभी फ्लोट ऑप्शन में हैं। इनके पास दूसरे और तीसरे चरण की काउंसलिंग में अपनी पसंद के कॉलेज और ब्रांच चुनने का मौका है।

बता दें कि विवि की ओर से 12 जून को पहले चरण की काउंसलिंग शुरू की गई थी। इसमें 22 संस्थानों में 21 ब्रांच का चुनाव किया जाना है। इन संस्थानों में 6621 सीटों पर प्रवेश होने हैं। काउंसलिंग के लिए 2128 छात्रों ने प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। विवि कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार पहले चरण में 767 छात्रों ने फ्रीज का ऑप्शन चुना है। इसके तहत इन छात्रों ने प्रवेश ले लिए हैं। जबकि, 1361 छात्रों ने अपने

आठ जुलाई तक चलेगी दूसरे चरण की काउंसलिंग इसके बाद तीसरा चरण, 1361 छात्र ले रहे हिस्सा

विकल्प खुले रखे हैं। इन छात्रों को 26 जून से शुरू हुई दूसरे चरण की काउंसलिंग में भाग लेने का मौका मिलेगा। दूसरा चरण आठ जुलाई को समाप्त होगा। इसके बाद तीसरे चरण की काउंसलिंग नौ जुलाई से शुरू होकर 21 जुलाई तक चलेगी।

इसके बाद आगामी चरण की काउंसलिंग में मौका मिलेगा या नहीं, यह संस्थानों में सीटों की स्थिति पर निर्भर करेगा। वहीं, माना जा रहा है कि जैसे-जैसे चरण आगे बढ़ेंगे। वैसे ही रजिस्ट्रेशन कराने वाले छात्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसलिंग शुरू कर दी गई है। तीन चरणों की काउंसलिंग पूरी होने के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा। संवाद